**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**07.09.2025/प्रादेशिक समाचार/1945 बजे**

**मुख्य समाचार**

- मुख्यमंत्री ने सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र में आपदा प्रभावित इलाकों का किया दौरा– प्रभावितों को हर संभव मदद का दिया आश्वासन।
- लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा– प्रदेशभर में आपदा से लोक निर्माण विभाग को करीब अढ़ाई हज़ार करोड़ रूपए का हुआ नुकसान।
- देशभर में अब से कुछ देर बाद शुरू होगा पूर्ण चंद्रग्रहण।
- प्रदेश में मॉनसून की हल्की वर्षा जारी– किन्नौर ज़िले के निगुलसरी में राष्ट्रीय उच्च मार्ग 5 पर यातायात अस्थायी तौर पर बहाल।

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश में आपदा से हुए नुकसान का वे स्वयं जायज़ा ले रहे हैं और इस मामले को केन्द्र सरकार के समक्ष भी उठाया गया है। वे आज हमीरपुर ज़िले के सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र में आपदा प्रभावित गांवों का दौरा करने के दौरान बोल रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि बेघर परिवारों को मकान निर्माण के लिए वन विभाग की सुरक्षित भूमि हस्तांतरित करने का मामला भी केन्द्र सरकार के समक्ष उठाया जाएगा। उन्होंने कहा कि संकट की इस घड़ी में प्रदेश सरकार प्रभावितों के साथ है और बेघर हुए परिवारों के मकानों के निर्माण के लिए राज्य सरकार अपने संसाधनों से सात–सात लाख रूपए की राशि प्रदान करेगी।

***हमारी सरकार आपको सभी सुविधाएं उपलब्ध करवा रही है। जिसका मकान ढह गया है उस मकान के लिए हिमाचल प्रदेश सरकार अपने संसाधनों से 7 लाख रूपए देगी। प्रधानमंत्री आवास योजना से सिर्फ एक लाख 30 हजार आता है। बाकि सारा पैसा हम हिमाचल प्रदेश की सरकार अपने संसाधनों से आपको उपलब्ध करवाएंगे। 70 हजार जो उसमें कपड़े, बर्तन वगैरहा घर में दब जाते हैं, पलंग बगैरह, उसके हिमाचल प्रदेश की सरकार आपको देगी। जिसकी पशुशाला टूट चुकी है या थोड़ा सा ही कमान में सिल्ट आ चुकी है या दीवार गिर चुकी है उसके भी सरकार आपको एक लाख देगी। ये सब अभी जो योजनाएं है जैसे ही बारिश खत्म होगी उस क्षेत्र को हम आपदा ग्रस्त घोषित कर देंगे। वैसे हमने हिमाचल प्रदेश के पूरे राज्य को आपदा ग्रस्त घोषित किया है और 9 तारिख को यहां देश के प्रधानमंत्री जी भी आने वाले हैं हम उनसे भी इस बात की मांग रखेंगे।***

मुख्यमंत्री ने सुजानपुर क्षेत्र में राहत व पुनर्वास कार्यों के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश भी दिए।

**विक्रमादित्य सिंह**

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि प्रदेश में आपदा से लोक निर्माण विभाग को करीब अढ़ाई हज़ार करोड़ रूपए का नुकसान हुआ है। शिमला में आज पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि अभी भी सैंकड़ों सड़कें अवरूद्ध हैं जिन्हें खोलने के प्रयास जारी हैं। उन्होंने कहा कि आपदा से उबरने के लिए केन्द्र से भी भरपूर मदद लाने का प्रयास किया जाएगा।

***अभी तक का जो अनुमानित आंकड़ा करीबन ढाई हज़ार करोड़ का वो प्रदेश को अभी तक नुकसान खास करके लोक निर्माण विभाग को हुआ है। उसमें सड़कें है ब्रिजेस है आप खुद उसकी तस्वीरें देख रहे हैं कि किस तरीके से पूरी की पूरी सड़कें बैठ गई है कई जगहों पर पूरे के पूरे पहाड़ धंस गए हैं तो यह बहुत नुकसान है और इससे निकलने में समय जरूर लगेगा। अगर हम सकारात्मक सोच से आगे बढ़ेंगे और केन्द्र से भी पूरा सहायोग लाने का प्रयास करेंगे और अपने वाले समय में सड़कों को खोलना उनका पुर्ननिर्माण करना जहां पर कोई ब्रिजेस बह गए हैं उनको फिर से ठीक करवाना उनको फिर से लगवाना और जहां पर हमारे जो सेब बहुल्य क्षेत्र है वहां से समय पर आपका सेब लोगों के बीच पहुंचे यह हमारी नंबर वन प्राथमिकता है।***

विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि भविष्य में नई सड़क के निर्माण कार्य में यदि अधिकारी लापरवाही बरतते हैं या वन संरक्षण अधिनियम का उल्लंघन पाया जाता है तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि नदी–नालों में डंपिंग को लेकर भी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

**जीएसटी**

वस्तु और सेवा कर यानी जी.एस.टी. की दरों में हाल ही में किए गए सुधार आगामी 22 सितम्बर से लागू होंगे। नई जी.एस.टी. दरों का चिकित्सा क्षेत्र पर भी अनुकूल प्रभाव पड़ने की संभावना है। शल्य चिकित्सा, दंत चिकित्सा और पशु चिकित्सा सहित सभी चिकित्सा उपकरणों पर जी.एस.टी. की दरें घटाकर 5 प्रतिशत कर दी गई है। पट्टियों, डायग्नॉस्टिक किट, ग्लूकोमीटर और अन्य आवश्यक चिकित्सा उपकरणों पर भी जी.एस.टी. दर 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दी गई है। इसके अलावा, 33 जीवन रक्षक दवाओं पर कोई जी.एस.टी. लागू नहीं होगा। कैंसर और गंभीर बीमारियों से जुड़ी तीन महत्वपूर्ण दवाओं को भी जी.एस.टी. से मुक्त रखा गया है। एम्बुलेंस और एम्बुलेंस की फिटिंग, फर्नीचर और चिकित्सा सहायक उपकरणों वाले मोटर वाहनों पर अब 18 प्रतिशत जी.एस.टी. लगेगा।

## चंद्र ग्रहण

आज पूर्ण चंद्र ग्रहण है। ये ग्रहण पूरे भारत में स्पष्ट रूप से दिखाई देगा। चंद्रग्रहण आज रात आठ बजकर 58 मिनट से शुरू होकर कल सुबह दो बजकर 25 मिनट पर समाप्त होगा। यह दुर्लभ खगोलीय घटना एक दशक में सबसे लंबे ग्रहणों में से एक होगी। चंद्रग्रहण की अवधि पाँच घंटे से अधिक समय तक रहेगी।

## धर्माणी

तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा है कि जनसमस्याओं का निपटारा करना उनकी प्राथमिकता है। बिलासपुर ज़िले के घुमारवीं में आज जनसुनवाई के दौरान उन्होंने कहा कि घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र में भी लोगों को भारी बरसात के कारण नुकसान उठाना पड़ा है और प्रभावितों को सरकार की ओर से हर संभव सहायता प्रदान करने का पूरा प्रयास किया जाएगा। धर्माणी ने बिलासपुर ज़िले के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हटवाड़ का औचक निरीक्षण भी किया और अस्पताल की व्यवस्थाओं का जायज़ा लेकर मरीज़ों को दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली।

## राहत सामग्री

हरियाणा भाजपा सरकार ने आपदा प्रभावित चम्बा ज़िले के लिए राहत सामग्री से भरे 10 ट्रक भेजे हैं। इस राहत सामग्री में करीब एक सौ 86 क्विंटल चावल, एक सौ 53 क्विंटल आटा, 20 क्विंटल नमक और 65 क्विंटल चीनी सहित अन्य खाद्य सामग्री शामिल है। इसके अलावा राहत सामग्री में तिरपाल, कम्बल, गद्दे सहित अन्य सामान भी भेजा गया है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने बताया कि इस राहत सामग्री को चम्बा ज़िला के आपदा प्रभावित परिवारों में आवश्यकता अनुसार वितरित किया जाएगा।

## मौसम

प्रदेश में मॉनसून सक्रिय बना हुआ है और कुछ क्षेत्रों में हल्की वर्षा का क्रम जारी है। राज्य के कई स्थानों पर भारी वर्षा के दौर में कमी आने से प्रशासन ने राहत व बचाव कार्य तेज़ कर दिए हैं। राज्य में अभी भी 2 राष्ट्रीय उच्च मार्गों सहित 8 सौ 24 सड़कें अवरूद्ध हैं। इस मॉनसून सीज़न के दौरान प्रदेश में 3 सौ 66 लोगों की मृत्यु हुई है जबकि 41 लोग अभी भी लापता हैं। उधर किन्नौर ज़िले में निगुलसरी के समीप भूस्खलन से अवरूद्ध राष्ट्रीय उच्च मार्ग 5 को अस्थायी तौर पर सभी प्रकार के वाहनों के लिए खोल दिया गया है। इस मार्ग के खुलने से किन्नौर ज़िले में पिछले कई दिनों से फंसे पर्यटकों ने राहत की सांस ली है। मार्ग बहाल होने से सेब बागवानों की बड़ी चिंता भी समाप्त हो गई है। प्रशासन ने इस मार्ग पर यात्रियों को सावधानीपूर्वक सफर करने की सलाह दी है। इस बीच, मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में कुछ स्थानों पर गरज के साथ हल्की वर्षा की संभावना जताई है।

**हमीरपुर भाजपा**

हमीरपुर ज़िला भाजपा ने प्रदेश कांग्रेस सरकार के कर्मचारी विरोधी फैसलों की कड़ी निंदा की है। ज़िला भाजपा अध्यक्ष राकेश ठाकुर व कोषाध्यक्ष धर्मेन्द्र शर्मा ने एक संयुक्त बयान में कहा कि सरकार द्वारा सातवें वेतन आयोग की शर्तों को वापस लेने से 89 श्रेणियों के हज़ारों कर्मचारियों को 10 हज़ार से लेकर 20 हज़ार रूपए तक का मासिक वित्तीय नुकसान उठाना पड़ेगा। उन्होंने सरकार से इस कर्मचारी विरोधी फैसले को तुरंत वापस लेने और बकाया महंगाई भत्ता जल्द जारी करने की मांग की है।

**हर्ष महाजन**

राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन ने आज नई दिल्ली में भाजपा की सांसद कार्यशाला में भाग लिया। उन्होंने कहा कि ऐसी कार्यशालाएं सांसदों को संगठनात्मक दृष्टि, नीति निर्माण की समझ और राष्ट्रहित में कार्य करने के लिए नई ऊर्जा प्रदान करती हैं।

**सोलन नगर निगम**

सोलन नगर निगम क्षेत्र में इस मॉनसून सीज़न में व्यापक वर्षा से संपति को भारी नुकसान हुआ है। नगर निगम महापौर उषा शर्मा ने तकनीकी टीम के साथ शहर के विभिन्न वार्डों का दौरा कर नुकसान का जायज़ा लिया। उन्होंने जनसमस्याएं सुनकर अधिकारियों को इनके निपटारे के निर्देश भी दिए।

**मुख्य समाचार एक बार फिर**

- मुख्यमंत्री ने सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र में आपदा प्रभावित इलाकों का किया दौरा– प्रभावितों को हर संभव मदद का दिया आश्वासन।
- लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा– प्रदेशभर में आपदा से लोक निर्माण विभाग को करीब अढ़ाई हज़ार करोड़ रूपए का हुआ नुकसान।
- देशभर में अब से कुछ देर बाद शुरू होगा पूर्ण चंद्रग्रहण।
- प्रदेश में मॉनसून की हल्की वर्षा जारी– किन्नौर ज़िले के निगुलसरी में राष्ट्रीय उच्च मार्ग 5 पर यातायात अस्थायी तौर पर बहाल।